बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84 / 2020..311... पटना, दिनांक :– 18/01/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 650 दिनांक 23.09.2023 द्वारा श्री अजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04277) के विरूद्ध नियोजन के उपरांत इस कार्यालय के आदेश संख्या 10748 दिनांक 07.09.2020 के माध्यम से बंदोबस्त कार्यालय, जमुई में पदस्थापन के उपरांत योगदान नहीं किए जाने की सूचना देते हुए इनकी संविदा नियोजन समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 8991 दिनांक 24.11.2023 द्वारा श्री कुमार से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा 01 माह की लम्बी अवधि के बाद भी स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो आदेश की अवहेलना, स्वेच्छाचारिता एवं मनमानापन का द्योतक है।

स्पष्टीकरण का उत्तर नहीं प्राप्त होने के फलस्वरूप निदेशालय स्तर पर संधारित सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन उपस्थिति पंजी की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि श्री कुमार द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 03.09.2020 को योगदान देने के उपरांत आवंटित जिला में योगदान ही नहीं किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इन्हें इस नियोजन में कोई रूचि नहीं है, फिर भी नैसर्गिक न्याय के दृष्टिगत इन्हें नवपदस्थापित कार्यालय में योगदान नहीं करने के विरूद्ध पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, परन्तु इतनी लम्बी अवधि के बाद भी उसका सदुपयोग नहीं किया जाना यह प्रमाणित करता है कि ये इस पद पर कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं।

अतः **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** में वर्णित प्रावधान के तहत श्री अजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04277) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

18/1/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84 / 2020..311.......**पटना, दिनांक** :– 18/01/2024
प्रतिलिपि :– श्री अजय कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04277), बंदोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84 / 2020..311.......**पटना, दिनांक** :– 18/01/2024
प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

फ0 ह0 30

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–84 / 2020 311 **पटना, दिनांक** : 18/07/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागी वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18/7/24

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप